## महत्वपूर्ण एवं खास



### मुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर अर्जुन हिरवानी के स्वास्थ्य की ली जानकारी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सवेरे रायपुर के नारायणा अस्पताल पहुंचकर वहां इलाज के लिए भर्ती साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्री हिरवानी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा भी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ के आईएएस अधिकारी केन्द्र में इम्पैनल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दो आईएएस अधिकारी केंद्र में हुए जॉइंट सक्रेटरी इम्पैनल, अन्य राज्यों से छः अधिकारियों को मिली जगह, आदेश हुआ जारी। राज्य के दो आईएएस अफ्सर को केंद्र सरकार ने जॉइंट सेक्रेटरी इम्पैनल किया है। इसमें आईएएस सिद्धार्थ कोमल परदेशी और रितु सेन शामिल हैं। रितु सेन अभी सेंट्रल में है, जबकि सिद्धार्थ कोमल परदेशी जनसंपर्क सचिव हैं। केंद्र सरकार ने इनके अलावा 3 आईएएस महाराष्ट्र से, 2 बिहार कैडर के और मध्यप्रदेश के एक को इम्पैनल किया।

### ग्राम पंचायत लूर्गी में दो हाथियों ने मचाया उत्पात, कई घरों को किया क्षतिग्रस्त

**रामानुजगंज (आरएनएस)।** रामानुजगंज नगर सीमा से सटे ग्राम पंचायत लूर्गी में 5 घंटे में दो हाथियों के द्वारा मचाए गए उत्पात से 7 घर क्षतिग्रस्त हुवे। जिसके बाद क्षति जायजा लेने डीएफ्ओ लक्ष्मण सिंह मौके पर पहुंचे थे। वही डीएफ्ओ के निर्देश के बाद आज वन विभाग की टीम मुआवजा वितरण के लिए क्षति का आकलन करने के लिए पहुंची इस दौरान गांव के सरपंच मंजू सिंह एवं सचिव दिनेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। डीएफ्ओ ने कहा कि 10 दिन के अंदर सभी को मुआवजा का वितरण कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि शुक्रवार की रात में करीब 1 बजे दो हाथी ग्राम लुर्गी पहुंचे जिनके द्वारा सबसे पहले चंद्रदेव के घर में रखें धान को खाने के लिए घर को तोड़ दिया जिसके बाद गांव के छह अन्य घरों को नुकसान पहुंचाया हाथी के द्वारा उन्हीं घरों को नुकसान पहुंचाया गया जिन घरों में धान या अन्य राशन रखे हुए थे। रात में करीब 1 बजे हाथी आए थे जो सुबह 5 बजे के करीब गांव से गए तब तक पूरा मोहल्ला डरा सहमा रहा। घटना के बाद डीएफ्ओ लक्ष्मण सिंह हाथी प्रभावित घरों का निरीक्षण करने पहुंचे। डीएफ्ओ के निर्देश पर वन विभाग की टीम मुआवजा वितरण के लिए क्षति का आकलन करने पहुंची डीएफ्ओ ने कहा कि 10 दिनों के अंदर मुआवजा का वितरण कर दिया जाएगा। क्षति का आकलन करने वनपाल जोगेश्वर राम एवं शांति प्रकाश लाकड़ा सहित वन अमला पहुंचा।

# 15 से 18 वर्ष के किशोरों को टीका लगाने जिले में बनाये गए हैं 71 टीकाकरण केन्द्र

**» सुबह 09 से शाम 05 बजे तक लग सकेगा टीका**

**रायगढ़।** वैश्विक महामारी कोविड-19 के बचाव एवं रोकथाम हेतु कोविड-19 टीकाकरण अभियान अंतर्गत 15 से 18 आयु वर्ग के बच्चों को को-वैक्सीन का टीकाकरण जिले के समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्र में आज से प्रारंभ होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। जिले में 15-18 आयु वर्ग के किशोरों को टीका लगाने 71 टीकाकरण केन्द्र बनाए हैं। जहां सुबह 09 से शाम 05 बजे तक टीके लगाए जा सकेंगे। कलेक्टर भीम सिंह ने सभी पालकों से जिनके बच्चे 15 से 18 वर्ष के हैं, उनका कोविड-19 का टीकाकरण कराने की अपील की है।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि वे सभी बच्चे जिनका जन्म वर्ष 2007 या उससे पूर्व है वे सभी टीकाकरण के लिए पात्र होंगे। लाभार्थी स्वयं को कोविन में पूर्व से उपलब्ध अकाउंट के माध्यम से पंजीकृत कर सकेंगे जिनके पास कोविन में अकाउंट उपलब्ध नही है, वे नये मोबाईल नम्बर का उपयोग कर कोविन में अकाउंट खोल सकेंगे। यह ऑनलाईन पंजीकरण की सेवा 01 जनवरी 2022 से शुरू हो चुकी है। उक्त लाभार्थी कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र के वॉक इन वैरीफायर/वैक्सीनेटर के सहयोग से भी टीका लगवाने पंजीकरण कर सकेंगे। अपॉइन्टमेन्ट ऑनलाईन अथवा ऑनसाईट (वॉक इन) माध्यम से बुक किया जा सकेगा। वॉकइन (आनसाइट) की सुविधा उपलब्ध वैक्सीनेशन स्लॉट के आधार पर कराया जाएगा। लाभार्थी अपने सुविधा के अनुसार कोविड-19 टीकाकरण सत्र में स्लॉट की उपलब्धता की जांच कर ले। उक्त अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीन के भंडारण से लेकर परिवहन तक एवं कोल्ड चैन पाईन्ट से लेकर वैक्सीनेशन साईट तक समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। राज्य स्तर से रायगढ़ जिले हेतु 93 हजार 351 हितग्राहियों का लक्ष्य प्रदान किया गया है।

**विकासखण्डवार इन जगहों पर लगेंगे टीके** - विकासखण्ड बरमकेला के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बरमकेला (ब्वायस), शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बरमकेला (गर्ल्स), शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सरिया (ब्वायस), शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सरिया (गर्ल्स), शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लेन्ध्रा-1, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लेन्ध्रा-2, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बोन्दा-1, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बोन्दा-2, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल डोंगरीपाली शामिल है। इसी तरह सारंगढ़ विकासखण्ड के सीएचसी सारंगढ़, सीएचसी सारंगढ़-2, पीएचसी कोसीर, पीएचसी भेड़वन, पीएचसी गोड़म, पीएचसी हिर्री एवं पीएचसी कनकबीरा, पुसौर विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर, अभिनव विद्या मंदिर पुसौर, आदर्श ग्राम्य भारती पुसौर एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोड़ातराई, खरसिया विकासखण्ड अंतर्गत पीएचसी तुरेकेला, प्रायमरी हेल्थ सेंटर बिंजकोट, पीएचसी जोबी, पीएचसी सरवानी, पीएचसी बर्रा, पीएचसी गोरपार, पीएचसी सोडण्का, सीएचसी चपले एवं सिविल हास्पिटल खरसिया, लोईंग विकासखण्ड अंतर्गत सीएचसी लोईंग, पीएचसी किरोड़ीमलनगर, पीएचसी डूमरपाली, पीएचसी नंदेली, पीएचसी बनोरा, पीएचसी भगोरा, पीएचसी जामगांव, पीएचसी संबलपुरी, पीएचसी बंगुरसिया, पीएचसी कोड़तराई एवं पीएचसी नौरंगपुर, विकासखण्ड तमनार अंतर्गत सीएचसी तमनार, पीएचसी लिबरा, पीएचसी सराईपाली एवं पीएचसी उरबा, विकासखण्ड घरघोड़ा अंतर्गत सीएचसी घरघोड़ा, पीएचसी कुडुमकेला, पीएचसी कया, पीएचसी नवापारा एवं पीएचसी बहिरकेला, विकासखण्ड लैलूंगा अंतर्गत एमसीएच लैलूंगा, पीएचसी राजपुर, पीएचसी लमडांड, पीएचसी लारीपानी एवं पीएचसी मुकडेगा, विकासखण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत सीएच धरमजयगढ़, सीएच धरमजयगढ़-2, सीएचसी कापू, पीएचसी छाल, पीएचसी छाल-2, पीएचसी हाटी, पीएचसी बायसी, पीएचसी खम्हार, पीएचसी चाल्हा, पीएचसी कुमरता, पीएचसी सिसरिंगा, पीएचसी गनपतपुर, सीएचसी विजय नगर तथा रायगढ़ अरबन अंतर्गत एचडब्ल्यूसी रामभांठा, यूपीएचसी इंदिरानगर, यूपीएचसी गांधीनगर एवं जतन केन्द्र में टीका लगाया जाएगा।

## बंगलोर में लगी केरिकेचर प्रदर्शनी में सबसे पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को दिया गया स्थान

**रायपुर (आरएनएस)।** कार्टून फ़ेस्टिवल के दौरान बंगलोर में लगी केरिकेचर प्रदर्शनी में सबसे पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को स्थान दिया गया है। यह प्रदर्शनी 21 दिनों तक चलेगी। गैलरी के संचालक वी जी नरेंद्रा ने बताया कि चूँकि यह कार्टून महोत्सव छत्तीसगढ़ से प्रकाशित होने वाली कार्टून पत्रिका के सहयोग से हो रहा है, हमने प्रदेश के मुखिया को यह सम्मान प्रदान किया है। इस केरिकेचर को ननजुंदा स्वामी ने बनाया है। श्री नरेंद्रा ने बताया कि इस गैलरी में अब तक 175 से अधिक प्रदर्शनी लग चुकी है लेकिन यह पहली बार है जब हमने तीन फ़ीट बाय दो फ़ीट के कार्टून लगाए हैं और यह भी पहली बार है कि हमने किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री को विशेष रूप



से उल्लेखित किया है । उन्होंने कहा कि कार्टून वॉच पत्रिका ने लगातार 25 साल प्रकाशित होने और देश की एकमात्र पत्रिका होने के कारण आज छत्तीसगढ़ कार्टून कला की राजधानी बन गया है। ऐसे में इस प्रदेश का सम्मान तो होना ही चाहिए। इस प्रदर्शनी में डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम और बाला साहेब ठाकरे के केरिकेचर भी लगे हैं.

## आंदोलनकारियों ने पुलिस पर किया पथराव

**» समझाइश से बावजूद कुछ उपद्रवी तत्वों ने मड़वा में बिगाड़ा माहौल**

**» कोरोना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन कर रहा था आंदोलनकारियों से हटने की अपील**

**जांजगीर (आरएनएस)।** नियश्रीमतीकरण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मड़वा ताप विद्युत गृह के संविदा कर्मचारियों से आज प्रशासन ने जब कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए हट जाने का आग्रह किया तो आंदोलन कारियों ने पथराव शुरू कर दिया। मड़वा प्लांट में कुछ एसे कर्मचारी फंसे थे जो ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीज थे जिन्हें वहां से निकालना जरूरी था, एसे में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को हल्की पानी की बौछार का प्रयोग करना पड़ा।

ये कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन पर हैं। कंपनी प्रबंधन तथा आंदोलन कारियों के बीच बातचीत भी लगातार चलती रही है। कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रशासन द्वारा भी लगातार मध्यस्थता की जा रही है। पूर्व में इन कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के अध्यक्ष से बातचीत कराए जाने का आग्रह प्रशासन से किया था, इस पर प्रशासन ने चार जनवरी का समय तय किया लेकिन कर्मचारियों का कहना था कि वार्ता और जल्दी करायी जाए। इस पर प्रशासन ने तीन जनवरी की नयी तारीख तय की, आंदोलनकारी इस पर भी राजी नहीं हुए और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आज ही बातचीत कराने की जिद करने लगे। उनकी इस जिद के बावजूद प्रशासन ने सहानुभूति पुर्वक पहल करते हुए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी बात छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के अध्यक्ष से कराई। इसके बाद भी आंदोलनकारियों ने हटने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती वो नहीं हटेंगे। इस पर जांजगीर कलेक्टर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने आंदोलनकारियों को समझाइस दी कि उनकी सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है, चुंकि कोरोना का संक्रमण गंभीर रूप से बढ़ रहा है इसलिए वे फिलहाल आंदोलन स्थल से हट जाएं। वरिष्ठ अधिकारियों की इस समझाइस पर आंदोलनकारियों में शामिल कुछ उपद्रवी तत्वों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी जिससे कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

## नवापारा टेण्डा हाई स्कूल के बच्चों की हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**» नववर्ष पर की गई अभिनव पहल**

**रायगढ़।** जिला कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार बच्चों में सह शैक्षणिक गतिविधियों का ज्यादा से ज्यादा आयोजन कर बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य के मार्गदर्शन में नववर्ष के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नवापारा टेण्डा के प्राचार्य मधु प्रसाद सिदार के पहल एवं समस्त स्टाफ के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रातियोगिता का आयोजन 01 जनवरी को विद्यालय स्तर में किया गया। विद्यालय में कुल दर्ज संख्या 410 है। विद्यालय के सभी 410 छात्र-छात्राओं के लिए छत्तीसगढ़ राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर, अंतर्राष्ट्रीय स्तर, विज्ञान, सामाजिक



विज्ञान से संबंधित गणितीय कौशल के प्रश्न पत्र तार्किक, मानसिक, बौद्धिक विकास से संबंधित 50 प्रश्नों का प्रश्न पत्र तैयार किया गया एवं आंसर सीट तैयार कर 1 घंटा समय देते हुये परीक्षा लिया गया। परीक्षापोरान्त कापियों का मूल्यांकन कर परिणाम बताया गया।

प्रतियोगिता के विजेता रहे ये विद्यार्थी इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का बहुत अधिक उत्साह एवं प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली। उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन पश्चात विजेता छात्र/छात्रायों के द्वारा प्राप्त परिणाम निम्नानुसार रहे। विद्यालय स्तर के परिणामों में प्रथम-कु.उमेश्वरी पटेल, द्वितीय-सोनू राठिया, तृतीय-कु.श्रुति गुप्ता एवं कक्षावार परिणामों में कक्षा.9वीं में प्रथम स्थान कु.मुस्कान पटैल, द्वितीय-सोहम अग्रवाल, तृतीय-कु.पायल राठिया कक्षा-10वीं में स्थान प्रथम-शैलेष पटेल, द्वितीय-कु.खिरमति राठिया, तृतीय-केदार नाथ गुप्ता, कक्षा-11वीं में प्रथम-कु.हर्षिता गुप्ता, एवम् यूरेंद्र पटैल, 11वीं-विज्ञान द्वितीय-कु.सिमरन गुप्ता, 11वीं-विज्ञान एवं जयप्रताप सोनवानी 11वीं-गणित तृतीय-कु.सुनंदा राठिया 11वीं-गणित कक्षा-12वीं में स्थान-प्रथम-विश्वम्भर राठिया 12वीं-कला द्वितीय-लक्ष्मी प्रसाद पटैल, 12वीं-कला तृतीय-सुमन गुप्ता 12वीं विज्ञान विजेता छात्र एवं छात्राओं को प्राचार्य एवं पूरे स्टाफ की तरफसे बधाई देते हुई उज्वल भविष्य की कामना की गई। उक्त जानकारी संस्था के व्याख्याता बोधराम पटेल ने दी है।

प्राचार्य की पहल पर पुरस्कार की राशि दी सभी स्टाफ ने प्राचार्य मधु प्रसाद सिदार के पहल पर सभी स्टाफसदस्यों के सहयोग से विद्यालय स्तर में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रओं को नगद राशि सहित मैडल देकर सम्मानित किया गया।

## बस्तर में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट की संभावना

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर समेत पूरे प्रदेश में उत्तरी हवाओं का प्रभाव कम हो गया था, जिसके वजह से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी लेकिन पिछले एक सप्ताह से उत्तरी हवाओं का चलना फिर से एक बार शुरू हो चुका है, जिससे एक बार फिर तापमान में गिरावट आने की भविष्यवाणी मौसम विभाग ने की है। न्यूनतम तापमान में अगले 02-03 दिनों में 03 से 04 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में उत्तर से हवाओं का आगमन प्रारंभ हो गया। इसलिए रविवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है, तथा अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि के साथ ही न्यूनतम तापमान में अगले 02-03 दिनों में 03 से 04 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। सप्ताहभर पहले तक जहां समूचे बस्तर में कड़ाके की ठंड पड़ रही थी, तो वहीं रायपुर-दुर्ग में बारिश की स्थित बनने के बाद बस्तर का मौसम भी बदला था। इसके बाद से लगातार तापमान में बढ़ोतरी की स्थित बनी थी। अब एक बार फिर उत्तरी हवाओं की वजह से तापमान गिरना तय है। शनिवार को अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम 15.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## आदित्य चौरसिया की अक्षय ऊर्जा पर बनाई पेंटिंग राष्ट्रीय स्तर पर हुई चयनित एवं पुरस्कृत

**» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदित्य को बधाई और शुभकामनाएं दी**

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के आरडी तिवारी आत्मानंद विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र आदित्य चौरसिया द्वारा ऊर्जा पर बनाई गई पेंटिंग छत्तीसगढ़ राज्य से नेशनल स्तर पर चयनित एवं पुरस्कृत हुई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति द्वारा आदित्य चौरसिया को जनवरी माह में विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज शाम उनके निवास कार्यालय में अपने माता-पिता के साथ छात्र आदित्य चौरसिया ने सौजन्य मुलाकात की। इस



अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल पर बनाई गई पेंटिंग भी भेंट की।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही 50 हजार रूपये का पुरस्कार जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए आदित्य चौरसिया की पेंटिंग का राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होना, राज्य के लिए गौरव की बात है। आदित्य की इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का लाभ लेकर हेमसागर ने शुरू किया खुद का किराना व्यवसाय

**» शासन की योजना लोगों के आजीविका संवर्धन में बन रही मददगार**

**रायगढ़।** शिक्षित और स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने वाले युवाओं के लिए शासन की योजना काफी मददगार साबित हो रही है। एक ओर जहां शिक्षित युवा पढ़ाई कर रोजगार की तलाश करते है। वहीं शिक्षित बेरोजगार युवाओं की बड़ी संख्या स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करना चाहते है। ऐसे में इन युवाओं के सामने आर्थिक समस्या सबसे बड़ी चुनौती होती है। जिससे कई युवाओं का स्वयं का व्यवसाय का सपना पूरा करना कई दफा मुश्किल हो जाता है। ऐसे



युवाओं के लिए शासन की मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना उनके सपने को साकार करने के साथ ही कई अन्य युवाओं को भी रोजगार प्रदान कर रहा है।

जिले के लैलूंगा तहसील के ग्राम-छातासरई निवासी हेमसागर स्नातक तक की पढ़ाई कर रोजगार की तलाश कर रहे थे। मनचाहा रोजगार नहीं मिलने पर उन्होंने स्वयं का किराना का व्यवसाय प्रारंभ करने की सोची। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण परिवार का भरण पोषण की समस्या भी सामने आने लगी थी। व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए उन्होंने हरसंभव प्रयास भी किया, लेकिन किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नही मिली। व्यवसाय के लिए आवश्यक पूंजी के अभाव में आस टूटता नजर आ रहा था। इसी दौरान उन्हे शासन की योजना से लाभान्वित अन्य हितग्राही से उनको योजना के संबध में जानकारी मिली। इसके पश्चात भगत द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में संपर्क किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारियों द्वारा योजनांतर्गत विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया गया। हेमसागर को मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना के अन्तर्गत ऋण लेने से पूर्व तक आय का कोई जरिया नहीं था। योजनांतर्गत भारतीय स्टेट बैंक लैलूंगा से 2 लाख की ऋण स्वीकृति/वितरण उपरांत हेमसागर भगत की आज स्वयं का किराना का व्यवसाय है। स्वीकृत राशि में उन्हें 50 हजार का अनुदान राशि भी प्राप्त हुई है।

श्री भगत द्वारा प्रारंभ व्यवसाय से स्वयं के साथ एक अन्य व्यक्ति को भी रोजगार मिल रहा है। व्यवसाय के प्रारंभ होने से परिवार के भरण-पोषण में काफी सहयोग मिल रहा है। इसके साथ ही जीवन स्तर में सुधार आया है। व्यवसाय से अच्छी आय प्राप्त होने के साथ ही एक बड़ी रकम भी बचत कर पा रहे है। भगत मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना को धन्यवाद देते हुए कहते है, यह एक अच्छी योजना है। जिसके माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रारंभ करने के लिए शासन द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480